>

Ttile: Request to start the construction work on Sirohi National highway; road from Abu to Mt. Abu under Bharat Mala Project and make R.O.B on C-48 railway crossing .

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । दिनांक 29/8/2018 को राजस्थान के उदयपुर में एक नेशनल हाईवे का उद्‌घाटन समारोह हुआ था । उसमें सम्माननीय नितिन गडकरी साहब ने घोषणायें की थीं कि झेरड़ा जो गुजरात स्थित है, वहां से सिरोई तक रेवधर और मंडार बाई पास करते हुए नेशनल हाईवे की घोषणा हुई थे । हमारा हिलस्टेशन माउंट आबू है । अध्यक्ष महोदय, आप भी वहां पर बहुत बार आए हुए हैं । आप और मैं वहां ब्रह्मकुमारी में भी गए थे । वहां आबू रोड से माउंट आबू तक भारत माला के तहत एक सड़क का निर्माण करना था, उसकी भी घोषणा हुई थी । इसके अलावा जालोर और आहोर पर रेलवे फाटक है, जिसकी मैं बार-बार चर्चा करता हूं । वहां हमेशा ट्रैफिक जाम रहता है । उस फाटक का नंबर सी-48 है । डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर होने के नाते वहां पर हमेशा आवागमन बाधित रहता है और कई लोगों की जानें वहां पर जा चुकी हैं ।

महोदय, हमने वहां पर एक आरओबी की मांग की थी । इसकी केंद्र सरकार से भी मांग थी और स्टेट गवर्नमेंट ने भी इसके लिए कहा था, लेकिन वह अभी तक नहीं हुआ ।

रोहिट से लेकर जालोर तक नेशनल हाईवे की घोषणा हुई थी और जालोर से सांचोर नेशनल हाईवे की घोषणा हुई थी । अधिकारियों की लापरवाही समझें या क्या समझें, समझ में नहीं आ रहा है, एक केंद्रीय मंत्री की घोषणा करने के बावजूद अभी तक वहां पर कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है । इसलिए मैं आपके माध्यम से नम्र निवेदन और सरकार से अपील करना चाहूंगा कि जो घोषणा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी साहब ने की है, उन घोषणाओं पर जल्दी से जल्दी

अमल किया जाए । झेरड़ा से सिरोई नेशनल हाईवे, आबू रोड से माउंट आबू भारत माला के तहत वह रोड, सी-48 फाटक पर आरओबी जल्दी से जल्दी बनाया जाए, क्योंकि वह नेशनल हाईवे है और रोहिट से लेकर सांचोर तक का नेशनल हाईवे बनाने की मेहरबानी करें । मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं और आपसे संरक्षण भी मांग रहा हूं कि आप इसमें हमें थोड़ा संरक्षण दीजिए, ताकि हम बच सकें ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री देवजी एम. पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।